## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल के निरीक्षण में मिली खामिया, अधिकारियों ने दी हिदायत

**कटनी।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शासकीय जिला अस्पताल का सतत निरीक्षण किया, जिसमें अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और लापरवाही खुलकर सामने आई। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी सोनी और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में गंदगी, परिसर में फैली दुर्गंध, नालियों का अवरुद्ध होना, और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी पाई गई। कई वार्डों में सफाई व्यवस्था नदारद थी और मरीजों व परिजनों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा था। टीम ने तत्काल सुधार के लिए एक संरचना स्ट्रक्चर तैयार किया और अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट सौंपने के बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 5 पंचायतों के रोजगार सहायकों का ट्रांसफर

**स्लीमनाबाद।** मप्र राज्य गारंटी परिषद भोपाल के द्वारा जारी दिशा - निर्देशों के तहत जिला पंचायत सीईओ कटनी के द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बहोरीबंद जनपद की पांच ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायको का ट्रांसफर किया गया है। रोजगार सहायको के तबादला संबंधित आदेश जनपद सीईओ बहोरीबंद के द्वारा 6 अगस्त 2025 को जारी किया गया जिसमें ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद स्लीमनाबाद से संसारपुर, चंद्रभान चौधरी संसारपुर से स्लीमनाबाद, संजय पांडेय चाँदनखेडा से मोहतरा, अजयपाल यादव कूड़ा घानियां से जुझारी ओर पार्वती लोधी का पटिराजा से कुम्हरवारा स्थानांतरण किया गया है। जनपद सीईओ बहोरीबंद ने जारी आदेश मे स्थानांतरित ग्राम रोजगार सहायकों को तीन दिवस के अंदर उक्त ग्राम पंचायतों मे ज्वाइनिंग करते हुए अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही करने को कहा है। रोजगार सहायको के तबादलें से विरोध के स्वर भी उठ रहे है क्योंकि जिन ग्राम पंचायतों से रोजगार सहायको को हटाया गया है वहां दूसरे रोजगार सहायको को नहीं भेजा गया जिससे पंचायत के कामकाज प्रभावित होंगे। बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा, कूड़ा घानियां, पटिराजा से रोजगार सहायको को दूसरी ग्राम पंचायत स्थानांतरण किया गया, लेकिन उक्त ग्राम पंचायतों मे दूसरे रोजगार सहायको को पदस्थ नहीं किया गया।

### युवक से ढाई किलो गांजा जब्त, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया , नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में की गई। चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय व हमराह बिलहरी पुलिस स्टाफ को क्षेत्र भ्रमण दौरान मुरावल चौराहे पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल टीवीएस विक्टर का चालक अपने पीठ में एक काले रंग का पिट्ठू बैग टांगें हुए दिखा जो पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल का चालक मोटरसाइकिल को लेकर भागने का प्रयास करने लगा जिससे मौके पर उपस्थित स्टाफ व राहगीर साक्षियों के समक्ष वाहन मोटरसाइकिल चालक को रोका गया। उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम जगन्नाथ काछी पिता संतोकी काछी 50 साल ग्राम मनु खमरिया थाना सिहोरा जिला जबलपुर का होना बताया। मोटरसाइकिल चालक से उसके पीठ मे टांगे पीट्ठू बैग के बारे में पूछने पर हड़बड़ाने लगा चैक करने पर 2.50 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। उक्त आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया।

### कभी अपराध नहीं करने भाई को दी कसम

# जेल में भाई की कलाई में राखी बांधते छलकीं की बहनों की आंखें

सतना

शनिवार को यहां के केंद्रीय जेल में रक्षाबंधन का त्योहार कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया गया। सतना और आसपास के जिलों से बहनें सुबह से ही जेल पहुंचने लगी थीं। जेल प्रशासन ने राखी के त्योहार के लिए व्यापक प्रबंध किए थे।







*कई बार ऐसा अवसर आया जब भाई की कलाई में राखी बांधते समय बहने रो पड़ी। इस दौरान बहनों ने भाइयों से कभी अपराध नहीं करने की कसम भी दी। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सलामती की कामना की। जेल में जिलेवार बंदियों और उनके परिजनों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। दोपहर 2 बजे तक बड़ी संख्या में बहनों ने भाई से मिलने और राखी बांधने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। यह सिलसिला शाम 4 बजे तक चला। जेल में ही मिठाई का प्रबंध किया गया था। किसी को भी बाहर से मिठाई लाने की इजाजत नहीं थी। सुरक्षा के मद्देनजर मोबाइल काउंटर पर जमा करा लिए गए। कई बंदियों के अन्य परिजन भी त्योहार पर खुशियां बांटने जेल पहुंचे। कड़ी सुरक्षा जांच के बाद जब बहनें अंदर पहुंचीं और बंदियों ने अपनों को देखा तो दोनों की आंखें छलक आईं। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक किया। उनकी आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। कई बंदियों के बच्चे, भांजे और नाती-पोते भी त्योहार के मौके पर जेल पहुंचे थे। बंदियों ने उन्हें गले लगाकर सुकून महसूस किया। इस दौरान जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने भी कई बहनों को ढांढस बंधाया। जेल अधीक्षक के साथ जेल उप अधीक्षक अभिमन्यु पांडेय समेत अन्य स्टाफ लगातार व्यवस्था में लगा रहा।*

# बारिश के बीच टूटी फूटी गड्ढा युक्त सड़कों पर चलने के लिए मजबूर हैं नागरिक

सतना।

बारिश के बीच टूटी फूटी सड़कों पर चलने के लिए नागरिक मजबूर हैं। बारिश ने नगर निगम के विकास के दावों की पोल खोल दी है। शहर की अधिकांश सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं,जिससे नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इन गड्ढों के कारण न सिर्फ वाहनों का चलना दूभर हो गया है,बल्कि पैदल चलना भी खतरनाक हो गया है। ऐसा लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी और जन प्रतिनिधि इन समस्याओं से मुंह मोड़ चुके हैं,और नागरिक अपनी किस्मत के भरोसे सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र,जो हमेशा चहल-पहल से भरा रहता है, की हालत सबसे खराब है। यहां सड़कों पर इतने गहरे और चौड़े गड्ढे हो गए हैं कि आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। दुकानदार और ग्राहक दोनों ही परेशान हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाता है,जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय दुकानदार राकेश गुप्ता का कहना है,यह हर साल की कहानी है। बारिश आते ही हमारी सड़कें तालाब बन जाती हैं। नगर निगम सिर्फ वादे करता है,लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता। इस बार तो हालत और भी खराब है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा पिछले साल सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण के बड़े-बड़े दावे किए गए थे,लेकिन इन दावों की हकीकत सामने आ गई। शहर की प्रमुख सड़कों में शुमार कामता टोला और नजीराबाद की सड़कों की हालत भी बद से बदतर है।इन इलाकों में रहने वाले नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय पार्षदों और नगर निगम में शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नजीराबाद निवासी सुरेश यादव ने बताया,हमें रोज इन गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है।हमारे वाहन का



रखरखाव खर्च बढ़ गया है और बच्चों को स्कूल ले जाते वक्त डर लगा रहता है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए। इन गड्ढों के कारण न केवल आवागमन में दिक्कत हो रही है,बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। बारिश का पानी गड्ढों में जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं,जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा,सड़कों पर कीचड़ और धूल के कारण प्रदूषण भी बढ़ रहा है,जो श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार विकास की बड़ी-बड़ी बातें करती है,तो फिर सतना जैसे महत्वपूर्ण शहर की सड़कों की यह हालत क्यों है? यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सड़क निर्माण और मरम्मत में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री की खराब गुणवत्ता और अधिकारियों की लापरवाही ही इस दुर्दशा का मुख्य कारण है।नगर निगम और लोक निर्माण विभाग,दोनों ही एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं,और इस खींचतान में शहर के नागरिक पिस रहे हैं। यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है,जब हम सतना के जन प्रतिनिधियों की चुप्पी देखते हैं। जनता ने जिन प्रतिनिधियों को चुना है,वे भी इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। नागरिकों के पास अब केवल एक ही रास्ता बचा है: सोशल मीडिया पर अपनी आवाज उठाना और उम्मीद करना कि सरकार इस ओर ध्यान दे। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है। नगर निगम को तत्काल प्रभाव से सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता का हो। नागरिकों को भी एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी होगी,ताकि जिम्मेदार अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास हो सके।अन्यथा,सतना शहर की सड़कें आने वाले कई सालों तक इसी तरह गड्ढों से भरी रहेंगी और यहां के नागरिक नारकीय जीवन जीने को मजबूर होंगे।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

सतना।

भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक,रक्षाबंधन का पावन पर्व,सतना में बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस साल शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के घरों में राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। इस बार रक्षाबंधन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। त्योहार के कई दिन पहले से ही बाजार सज चुके थे। राखी,मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। इस मौके पर व्यापारियों ने भी जमकर कारोबार किया,जिससे उनके चेहरे खिल उठे। शहर के मुख्य बाजारों,जैसे कि पन्नीलाल चौक,जवाहर चौक और सिंधी बाजार में भीड रही।



### परिवहन व्यवस्था रही व्यस्त

रक्षाबंधन के दिन बहनों और भाइयों का एक-दूसरे से मिलने का तांता लगा रहा। जो बहनें अपने मायके से दूर थीं,वे अपने भाई से मिलने पहुंचीं और भाई भी अपनी बहनों के घर जाकर उनसे राखी बंधवाने के लिए उत्साहित दिखे। इस आवागमन के चलते शहर की परिवहन व्यवस्था काफी व्यस्त रही। बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखने को मिली। ऑटो रिक्शा,बस और अन्य निजी वाहनों में लोग अपनी यात्रा को सुगम बनाने के लिए कतारों में लगे रहे। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में भी जबरदस्त भीड़ रही।

### सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव

रक्षाबंधन का पर्व केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं,बल्कि यह भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत करने का एक सुनहरा अवसर है। इस दिन परिवार के सभी सदस्य एक साथ आते हैं और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं। सतना के कई सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने भी इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया,जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दिन कई घरों में विशेष पकवान बनाए गए और लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए नजर आए। कुल मिलाकर, सतना में इस बार का रक्षाबंधन एक यादगार पर्व बन गया,जिसने रिश्तों की मिठास और आपसी प्रेम को और भी गहरा कर दिया।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी रोकने दल बनाए गए

सतना।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन के नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में जांच तेज करने के उद्देश्य से तीन विशेष उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) दल गठित किए हैं। इन दलों के जरिए संदिग्ध मेडिकल स्टोर्स,गोदामों और आपूर्तिकर्ताओं पर निगरानी रखी जाएगी।

**उड़नदस्ते में सतना की ड्रग इंस्पेक्टर शामिल**

तीसरे उड़नदस्ते में सतना की ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे को शामिल किया गया है। उन्हें सतना के साथ-साथ शहडोल जिले की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उनके साथ डीआई शरद जैन (जबलपुर) और बिहारीलाल अहिरवार (सिंगरौली) को भी टीम में शामिल किया गया है। पहले उड़नदस्ते को रीवा,सीधी और सिंगरौली के लिए नियुक्त किया गया है। इसमें औषधि निरीक्षक सोनम जैन (सागर), राधेश्याम बट्टी और रेशु ठाकुर (दोनों रीवा) तथा बिहारीलाल अहिरवार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं,दूसरे दल में अनूपपुर और उमरिया जिले के लिए देवेंद्र जैन (जबलपुर),दीपक नामदेव (टीकम गढ़) और प्रमोद कुलेश (अनूपपुर) को शामिल किया गया है।

## मैहर में बड़ा हादसा टला: नाले की सफाई के दौरान हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से बचे 3 सफाई कर्मी, अस्पताल में भर्ती

**मैहर।** शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नाले की सफाई कर रहे तीन सफाईकर्मी हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। घटना के बाद,आनन-फानन में तीनों को मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों सफाईकर्मी अब सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही,नगर पालिका अध्यक्ष पति और सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल सफाईकर्मियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और घटना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान,नगर पालिका अधिकारी आकाश अग्रवाल और सफाई प्रभारी छोटू सिंह भी अस्पताल में मौजूद रहे और घायलों की देखरेख में जुटे रहे। फिलहाल,इस बात की जांच की जा रही है कि सफाई के दौरान सुरक्षा में क्या चूक हुई।

# अमानगंज में मिढ़ासन नदी पर पंडित राम दुलारे पाठक की उपस्थिति में हुआ श्रावणी उपक्रम अनुष्ठान





**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर की मिढ़ासन नदी चकदही घाट पर शनिवार की दोपहर 11रू00 से 12रू00 के बीच श्रावणी उपक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंडित राम दुलारे पाठक द्वारा सभी का यज्ञोपवीत कराया गया और पूजन किया। साथ ही कर्म शुद्धि के लिए अनुष्ठान हुआ। यह कार्यक्रम श्रावण मास की पूर्णिमा को किया जाता है। इस दिन अनुष्ठान कर ब्राह्मण वर्ग द्वारा अपनी कर्म सिद्धि के लिए यह कार्य किया जाता है जिसमें यज्ञोपवीत पूजन और उपनयन संस्कार का विधान रहता है।

### सैनिक सम्मेलन कल

**सतना।** सतना और मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए 11 अगस्त को एक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। आईसीआईसीआई बैंक की टीम इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेगी और स्पर्श पोर्टल,पेंशन,दस्तावेज़ीकरण और जीवन प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं को हल करने में मदद करेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनींद्र त्रिपाठी (से.नि.) ने सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### परमिट नियमों के उल्लंघन पर बस हुई जब्त

कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आरटीओ ने शुक्रवार को यात्री वाहनों की सघन जांच करते हुये परमिट नियमों के उल्लंघन पर बस को जब्त कर लिया। चेकिंग के दौरान, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने वाहन क्रमांक एमपी 17 पी 2711 की जांच की। जांच में पाया गया कि यह वाहन बारात परमिट पर चल रहा था, लेकिन इसके अंदर सामान्य यात्रियों का परिवहन किया जा रहा था। यात्रियों को टिकट भी दी जा रही थी, जो कि परमिट के नियमों का उल्लंघन है।

# प्रेम, सौहार्द्र के साथ जिले भर में मनाया गया राखी का पर्व



उप जेल पवई में मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व

**पवई।** देश भर में भाई बहिन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन बहिनें सुबह सुबह तैयार होकर पारंपरिक परिधानों में अपने अपने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा का सूत्र राखी बांधती और रोली का तिलक लगाकर आरती करते हुए उनको मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की करती हैं । पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में भी रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा। बहनों ने अपने-अपने भाइयों की सूनी कलाई में राखी बांधते हुए उनकी लंबी उम्र की सुख समृद्धि की कामना की,भाइयों ने भी उनकी जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया। उप जेल पवई में भी शासन के निर्देश के अनुसार रक्षाबंधन पर्व सौहार्द और शांति के साथ मनाया गया। जेल में बंद कैदी भाइयों को उनकी बहनों के द्वारा उप जेल पहुंचकर राखी बांधी गई,इस दौरान प्रशासन के द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार पंजीयन उपरांत बहनों को जेल के अंदर प्रवेश दिया गया , इसके बाद उन्होंने अपने अपने भाइयों को राखी बांधी। इस दौरान जेल प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ भाई बहनों को मिलने के लिए तमाम प्रकार के इंतजाम भी किए गए। जेल अधीक्षक मुनींद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित समय के अनुसार जेल में 50 कैदियों को लगभग 95 बहनों ने आकर राखी बांधी, इसके साथ अभी लगातार मुलाकात और राखी बांधने का सिलसिला जारी है, इसके साथ ही उन्होंने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। बता दें कि रक्षाबंधन जिसे राखी भी कहा जाता है। यह एक हिंदू त्यौहार है,जो भाई बहिन के पवित्र बंधन का जश्न मनाता है। यह पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है,पुराणों में भी इसके लिए उल्लेख मिलते हैं। एक कथा अनुसार जब भगवान कृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था,तब उनकी उंगली में सुदर्शन की वजह से चोट लग गई थी, द्रोपती ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़ कर उनकी उंगली पर बांध दिया था,इससे प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने द्रोपती को हर संकट में रक्षा करने का वचन दिया था। इसी घटना को रक्षाबंधन का आधार माना जाता है,इसके अलावा जब मेवाड़ की महारानी कर्मावती और उनका राज्य संकट में था तो उन्होंने हुमायूं नामक मुगल शासक को उनकी रक्षा के लिए एक धागा भेजा था साथ ही इंद्र और इंद्राणी की कथा भी पुराणों और इतिहास में मिलती है।

# सावन की पूर्णिमा पर रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**पवई।** पवई नगर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में सावन की पूर्णिमा के अवसर पर रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां जोरों पर रहीं। बहनों ने पूजा थाल सजाकर भाइयों की आरती उतारी, उनकी कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख, समृद्धि तथा दीर्घायु की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा का वचन निभाने का संकल्प लिया। नगर के बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। रंग-बिरंगी राखियों, खिलौनों और पारंपरिक मिठाइयों ने बाजार की शोभा बढ़ा दी। ग्रामीण अंचलों में भी परिवारजन एकत्र होकर पारंपरिक गीत-संगीत और विशेष व्यंजनों के साथ इस पर्व का आनंद लेते रहे। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इस दिन न केवल सगे भाई-बहन, बल्कि रिश्तेदारी और सामाजिक रिश्तों में भी राखी बांधकर आपसी स्नेह व एकता का संदेश दिया गया। पूरे दिन नगर और गांवों में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और सावन की पूर्णिमा का यह पावन दिन सभी के लिए यादगार बन गया।

# समस्त ग्राम पंचायतों में 11 अगस्त से 30 सितम्बर तक लगेंगे शिविर

**पन्ना।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जिले के हर पात्र हितग्राही तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतों में आगामी 11 अगस्त से 30 सितम्बर तक शिविर लगाए जाएंगे। इस विशेष अभियान के दौरान महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं स्वास्थ्य बीमा योजना, वृद्धा, विकलांग व विधवा पेंशन, मरनेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृत्व वंदना योजना सहित टीकाकरण, सिकल सेल रोग परीक्षण तथा अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन का लक्ष्य है।शिविर में ग्राम पंचायत प्रभारी सहित सचिव, पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता तथा सहायक कृषि विस्तार अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा सभी प्रभारी अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहकर प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## बहनों ने भाईयों की सुरक्षा को लेकर रक्षा कवच के रूप में बांधी राखी

# भाई बहिन की स्नेह की डोर कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर आगे बढाया







पन्ना।

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहिन के प्यार व स्नेह को सदैव आगे बढाते हुये भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार जाना जाता है। यह त्यौहार भाई-बहिन के प्यार से जहां सुरक्षा व रक्षा को लेकर कलाई में रक्षा सूत्र राखी के नाम का जो सदैव जहां भाई की रक्षा के साथ-साथ वहीं भाई का दायित्व बहिन की सुरक्षा व प्यार को लेकर दायित्वों के निर्वहिन के साथ कर्तव्य बोध को लेकर जाना जाता है। यह त्यौहार जहां प्रतिवर्ष श्रवणमास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है बहिन भाई की रक्षा को लेकर राखी बांधती है रक्षा बंधन में यह त्यौहार अपने आप में बाई बहिन के प्यार को लेकर आगे बढाता है सफलता व खुशियों की कामना को लेकर सदैव रक्षा सूत्र साक्षी बना रहता है।



# वेद वाणी में बसा भक्ति का स्वर ऋषि चरणों में झुका देवेंद्रनगर





### श्रावणी उपाकर्म और ऋषि पूजन में बही सनातन संस्कारों की पावन गंगा

देवेंद्रनगर।

श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर देवेंद्रनगर के बांध में, परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री सभापति शुक्ल (इंद्रप्रस्थ आश्रम) के मार्गदर्शन में श्रावणी उपाकर्म और ऋषि पूजन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ पंचगव्य प्राशन और हेमाद्रि संकल्प से हुआ, जिसके बाद उपस्थित द्विजों ने श्रद्धापूर्वक श्रावणी उपाकर्म का संकल्प लिया। पंचगव्य स्नान के उपरांत शास्त्रोक्त स्नान विधियां सम्पन्न हुईं, और सूर्य उपस्थान में द्विज समुदाय ने दोनों हाथ उठाकर भगवान भुवन भास्कर की आराधना की। तत्पश्चात, देवताओं, ऋषियों एवं पितरों का तर्पण, शिवार्चन, ऋषि पूजन और यज्ञोपवीत पूजन संपन्न हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने जाने-अनजाने पाप कर्मों के प्रायश्चित के माध्यम से ईश्वर की ओर मन को मोड़ते हुए प्रेम-भक्ति और मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ने का संकल्प लिया। पूज्य गुरुदेव के नेतृत्व में आचार्य दशरथ प्रसाद त्रिपाठी, धीरज कुमार शुक्ला, मुकेश कुमार पांडे, मुकेश त्रिपाठी आदि ने ऋषि पूजन, गणेश-शिव-पार्वती पूजन, सप्तऋषि पूजन, यज्ञ, सावित्री ब्रह्म मेधा पूजन तथा गिरता होती का आयोजन संपन्न कराया। कार्यक्रम का संपादन आचार्य पवन त्रिपाठी ने किया, जबकि भंडारा विकासखंड अधिकारी श्री शिवनारायण गर्ग के सौजन्य से हुआ। मुख्य यजमान के रूप में श्री रूपनारायण गार्ग (अमानगंज) ने वर्षों से चली आ रही परंपरा को पूर्ण मान-योग के साथ निभाया। आचार्य मंडली में मुकेश पांडे, सत्यम तिवारी, लवकेश त्रिपाठी, प्रभाकर त्रिपाठी, कृष्णकांत त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, नागेंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, ओमप्रकाश शुक्ला सहित अनेक विद्वान पधारे। वरिष्ठ सहयोगियों में रामलखन शुक्ल, संतोष कुमार शुक्ल, मनोज कुमार लटूरिया, राजेंद्र पांडे, शिव सहाय गौतम, आनंद त्रिपाठी, खूबचंद उपाध्याय आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। वेद वाणी की गूंज में पवित्र हुआ गगन, ऋषि चरणों में झुका हर श्रद्धालु का मन।यह आयोजन न केवल पाप क्षालन और आत्मशुद्धि का साधन बना, बल्कि सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा, वेद मंत्रों की पावन ध्वनि और गुरु-ऋषि आराधना की अमिट छाप भी छोड़ गया।

# भारत छोड़ो की पुकार संग गूंजा देवेंद्रनगरः आदिवासी गौरव दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियाँ हुईं ताज़ा



**वरिष्ठजनों का सम्मान, महात्मा गांधी को नमन और आदिवासी संस्कृति का अभिनंदन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भरी एकजुटता की शपथ**

देवेंद्रनगर

9 अगस्त को देवेंद्रनगर ने एक साथ स्वतंत्रता संग्राम की अमर पुकार और आदिवासी अस्मिता के उत्सव का साक्षी बनते हुए, ष्भारत छोड़ो आंदोलनष दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस को गरिमामय ढंग से मनाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आनंद शुक्ला के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 6 स्थित आदिवासी बस्ती देवी की मढ़यिा के समीप आयोजित इस कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, उन्हें नमन के साथ किया गया।इसके पश्चात, वृद्धजनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान करते हुए उनके जीवनानुभव को समाज की धरोहर बताया गया। ब्लॉक अध्यक्ष आनंद शुक्ला के साथ जीवन लाल सिद्धार्थ, सेवालाल पटेल, राम बहादुर द्विवेदी, जयकुमार कुशवाहा, प्रहलाद यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वाधीनता संग्राम की प्रेरणा, आदिवासी संस्कृति की समृद्धि और सेवा-एकता की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज का विशेष सम्मान किया गया और उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र की एकता, लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर ब्लॉक देवेंद्रनगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंडलम एवं सेक्टर प्रतिनिधि, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा, जिसने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आयोजन के निर्देश

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने शासकीय सेवा से निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाले सभी हितलाभों के आसानी से प्राप्ति हेतु संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वह अपने अपने जिलों में शासकीय सेवकों को पेंशन आदि आसानी से प्राप्त हो, इस हेतु शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पेंशन एवं सेवानिवृत्ति हितलाभों के प्रकरणों के लंबित रहने से संबंधित पेंशनरों को अत्यधिक असुविधा होती है तथा शासन की सेवानिवृत्ति संबंधी प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अधीनस्थ जिला पेंशन अधिकारियों एवं समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे एक विशेष पेंशन शिविर का आयोजन शीघ्र करें, जिसमें सभी लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। इसके अतिरिक्त आगामी माह के भीतर सेवानिवृत्त होने जाने समस्त शासकीय कर्मचारियों की सूची तैयार कर उनके सेवानिवृत्ति लाभ पेंशन, ग्रेच्युटी, ईएल, जीआईएस आदि की अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे सेवानिवृत्ति के समय उन्हें कोई अनावश्यक विलंब या कठिनाई न हो।

# अज्ञात कारणों के चलते नाबालिक बालक ने फांसी लगा कर मौत को लगाया गले



**अमानगंज।** अज्ञात कारणों के चलते एक नाबालिग बालक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज शुक्ला, पिता चंद्रभान शुक्ला उम्र 14 वर्ष निवासी सुनवानी हाल निवास अमानगंज ने अपने किराए के घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि जिस समय बालक ने फांसी लगाई उस समय वहां कोई नहीं था उसके पिता बाहर रहते हैं और माता हैं जो कि राखी के लिए अपने गांव सुनवानी पहुंची तभी उसको यह सूचना मिली कि लड़के ने फांसी लगा ली है जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# पगरा डेरी के पास हुई सड़क दुर्घटना, चार लोग घायल, दो मोटर बाइक और ट्राला के बीच हुई भिड़ंत

**अमानगंज।** अमानगंज से सिमरिया मुख्य सड़क मार्ग पगरा ग्राम डेरी के सामने ट्राला द्वारा मोटर बाइक को टक्कर मार दी मोटरबाइक अन्य मोटरबाइक से टकराई। जिससे दो मोटर साइकिल में सवार 3 लोग घायल हो गए हैं। जिनमें एक महिला अनिता पति प्रेमलाल रजक उम्र 35 बर्ष निवासी देवरा एव एक पुरुष यादवेंद्र पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 30 बर्ष निवासी देवरी पुरोहित तीसरा विवेक पिता प्रेमलाल उम्र 13 बर्ष घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीनों घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देकर कटनी के लिए रेफर कर दिया है। यादवेंद्र सिंह मोटरबाइक पर सवार होकर देवी पुरोहित के लिए आ रहे थे। वहीं प्रेमलाल रजक अपनी पत्नी और बच्चे को मोटरबाइक पर गांव देवरा ले जा रहे थे। तभी यह सड़क दुर्घटना सामने आई है। पहले मोटर बाइक ट्राला से टकराई उसके बाद अन्य मोटरबाइक से मोटर बाइक टकरा गई और यह घटना हो गई।

# ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने विश्व आदिवासी दिवस एवं भारत छोड़ो आंदोलन की गरिमामय वर्षगांठ मनाई



**अमानगंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के दिशा निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के तत्वाधान में नगर परिषद अमानगंज के वार्ड क्रमांक 3 आदिवासी मोहल्ला में विश्व आदिवासी दिवस एवं भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ गरिमामय पूर्ण रूप से मनाया गया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज अभिषेक दुबे जी द्वारा आदिवासी समाज के वरिष्ठ नागरिक हततू आदिवासी एवं समाज के नागरिकों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। उपस्थित आदिवासी समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज द्वारा सम्मान किया गया मातृभूमि की रक्षा करने वाले अमर शहीद महानायक राणा पूजा जी भील भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन देश कीआजादी में महान योगदान त्याग तपस्या पराक्रम बलिदान भगवान विरसा मुंडा जी राजा रघुनाथ शाह जी राजा शंकर शाह जी का योगदान इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। भारत छोड़ो आंदोलन 9 अगस्त 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में मुम्बई से प्रारंभ किया गया था। यह एक जन आंदोलन था गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया गांधी जी के इसआंदोलन ने ब्रिटिश शासन सत्ता को हिला दिया। जिसके परिणाम स्वरुप भारत देश को आजादी मिली।


## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 15 कोडीन सिरप एवं ड्रग्स 900 टैबलेट सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



छतरपुर। छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना सिविल लाइन पुलिस को विगत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रतिबंधित नशीला पदार्थ कोडीन सिरप एवं नशीले ड्रग्स टैबलेट सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान सटई रोड पर पहुंची, रेलवे ओवर ब्रिज के पास सटई तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहे संदिग्ध को रोककर तलाशी ली गई। कार्टून में नशीले प्रतिबंधित सिरप एवं नशीले ड्रग्स टैबलेट पाया गया। 15 कोडीन फास्फेट ट्राईप्रोलिडिन हाइड्रोक्लोराइड सिरप एवं ड्रग्स 900 नाइट्राजेपाम टेबलेट, प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत करीब 50000 रुपए जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर वैध दस्तावेज, विशेषज्ञ के परामर्श इत्यादि नहीं पाए गए। आरोपी सुमित पटेरिया पिता महेश पटेरिया निवासी रामगढ़ थाना सिविल लाइन के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में एनडीपीएस अधिनियम एवं मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे उप निरीक्षक कादिर खान, उपनिरीक्षक बाबूलाल, आरक्षक धर्मेंद्र, प्रशांत, अमन, हरेंद्र एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### मंदिर में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा, चोरी गई सामग्री बरामद




छतरपुर। थाना सरवई क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के कछवारे के मंदिर में फरियादी की चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सरवई में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एवं कथन एकत्र किए गए। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी रमेश पाराशर पिता श्यामलाल पाराशर निवासी ग्राम पाठा थाना खरेला जिला महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से मंदिर से चोरी किए गए पीतल के धातु के पांच छोटे बड़े घंटे कीमत करीब 6000 बरामद किए गए। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक अतुल झा, सहायक उप निरीक्षक बबलू सिंह, प्रधान आरक्षक शिवराम यादव, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह, आरक्षक राम प्रताप, प्रवीण, हाफिज की भूमिका रही।

### पीतांबरा मंदिर में 'जनरल इंग्लिश पुस्तक का विमोचन

छतरपुर। मां पीतांबरा जी की कृपा से जनरल इंग्लिश (लीगल लैंग्वेज एंड लीगल राइटिंग) पुस्तक का विमोचन शनिवार 9 अगस्त 2025 को पीतांबरा मंदिर परिसर में किया गया। यह पुस्तक श्रीमती कीर्ति विश्वकर्मा द्वारा लिखी गई है। विमोचन समारोह में उपस्थित नरेंद्र खरे ने कहा कि इस पुस्तक से छात्रों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। श्रीमती उमा नायक ने विद्यार्थियों को इसे ध्यानपूर्वक पढने की सलाह दी। वहीं, श्रीमती मधुरिमा श्रीवास्तव ने संदेश दिया कि अच्छा पढ़ो - अच्छा बनो।जयेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यह पुस्तक विधि छात्रों एवं न्यायिक परीक्षार्थियों के लिए नए पैटर्न पर तैयार की गई है, जो सराहनीय है। प्रकाशक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं मित्रगण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विधि एवं न्यायिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में बुंदेलखंड के लिए सस्ती एवं सुलभ कानून विषयक किताबें उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

### रक्षाबंधन पर्व पर बागेश्वर महाराज ने कहा

# बहनों पर संकट आए तो सनातनी दीवार बनकर खड़े हों

**छतरपुर। भाई बहिन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर देशभर की वे बहिनें बागेश्वर धाम पहुंचीं जो बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को अपना भाई मानती है। कई महिलाएं उन्हें गुरु के रूप में मानती है लेकिन रक्षाबंधन में वह भी उन्हें राखी बांधकर उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना कर रही है। बागेश्वर महाराज ने कहा कि वैदिक परंपरा से रक्षाबंधन का पर्व सदियों से मनाया जाता रहा है। आज भले ही यह सिर्फ भाई बहन के पवित्र प्रेम का संदेश देता हो लेकिन रक्षा सूत्र के रूप में बांधा गया धागा संबंध को अटूट बनाता है। उन्होंने कहा कि बहनों को भले ही सनातनी भाई उपहार न दे सके लेकिन एक वचन जरूर दें कि बहिन की ओर आंख उठा कर देखने वाले को ऐसा सबक मिले कि वह जीवन भर किसी भी बहिन बेटी की तरफ देखने की हिम्मत न कर सके।**



देश के कोने-कोने से बागेश्वर धाम पहुंची युवतियों और महिलाओं ने बागेश्वर महाराज का तिलक कर उन्हें रक्षा सूत्र बांधते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। बागेश्वर महाराज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बहिने राखी बांधकर अपने भाई से भले ही उपहार न ले लेकिन एक वचन जरूर लें कि यदि उनके साथ अन्याय अत्याचार होता है और उन पर संकट आता है तो भाई दीवार बनकर खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि पुरोहित द्वारा यजमान को रक्षा सूत्र बांधने की प्राचीन परंपरा है। इस रक्षा सूत्र से यजमान की रक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सनातन धर्म गौरी गोपाल गंगा और गायत्री की रक्षा का वचन लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सनातनियों का न केवल धर्म बल्कि कर्तव्य है कि वह समाज की बेटियों को लव जिहाद जैसे घिनौने कृत्य से बचाएं। महाराज श्री ने राखी बंधवाकर बहनों को उपहार देते हुए सम्मानित किया। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न प्रांतो से युवतियां और महिलाएं बागेश्वर धाम आईं और उन्होंने महाराज श्री को रक्षा सूत्र बांधा।

### पहले हम पर संकट आए

देहरादून से महक शर्मा महाराज श्री को सूखे फूलों की राखी बनाकर लाई है। उन्होंने कहा कि राखी बांधकर बालाजी से प्रार्थना की है कि वह महाराज श्री को दीर्घायु करें और उनकी काया निरोगी रहे ताकि वे सबका कल्याण करते रहे। उन्होंने यह भी प्रार्थना की यदि कोई संकट आए तो सबसे पहले महाराज श्री के ऊपर नहीं बल्कि उनके ऊपर संकट आए। कोलकाता से आई डॉ. रोशनी झा ने महाराज श्री को बीजों वाली राखी बांधी ताकि बीजों से पौधे उग सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनका कोई भाई नहीं है लेकिन जब से महाराज श्री से मिली है उन्हें भाई के रूप में मिले हैं। वह पिछले दो वर्षों से महाराज श्री को राखी बांध रही है। रीवा की दीक्षा शुक्ला ने राखी बांधकर महराज जी के संकल्प पूर्ण होने की बालाजी से प्रार्थना की।

# वैदिक ब्राह्मणों ने मनाया श्रावणी पर्व

### दस स्नान, सप्तर्षि पूजन, पंचगव्य प्रासन के साथ हुई क्षमा प्रार्थना



**छतरपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर वैदिक ब्राह्मणों के साथ अन्य विप्र बन्धुओं ने प्रताप सागर तालाब की चौपाटी में श्रावणी उपाक्रम आयोजित किया। यह पर्व प्रायश्चित के लिए मनाया जाता है। वर्ष भर होने वाले कार्यों के दौरान यदि कोई गलती हो तो ऋषियों, देवों और पितरों से क्षमा प्रार्थना की जाती है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से इस पर्व पर ब्राह्मणों ने पूजा अर्चना की। स्थानीय चौपाटी में आयोजित श्रावणी के संबंध में पं. शिवदत्त शुक्ल ने बताया कि ब्राह्मणों के लिए यह कर्म अत्यंत आवश्यक होता है। प्रत्येक यज्ञोपवीत धारी ब्राह्मण को यह पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह पर्व प्रायश्चित के लिए मनाया जाता है। वर्ष में यदि कोई गलती हो जाती है तो इसके माध्यम से क्षमा प्रार्थना की जाती है। उन्होंने बताया कि विधि विधान से ऋषियों का पूजन, पंचगव्य ग्रहण करना, 10 वस्तुओं से 10 बार स्नान करना, तर्पण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवीन यज्ञोपवीत धारण करना श्रावणी में शामिल है। श्रावणी उपाकर्म में पं. रमेश दीक्षित, प. ओमप्रकाश शर्मा, प.राजकुमार अवस्थी, प.अखिलेश पाठक, प.कमल अवस्थी, प.हरीश मिश्र, प.जितेंद्र मिश्र, प. ओमप्रकाश शर्मा दतिया, प.सुरेंद्र कौशिक, प.जगदीश शुक्ल, प.बृजगोपाल तिवारी सहित अन्य विप्र बन्धु उपस्थित रहे।

# 12 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत खुला कुआं बना हादसे का कारण

### गांव में मातम, अस्पताल में डॉक्टर की कमी पर आक्रोश




**बड़ा मलहरा।** अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत रामटौरिया में शुक्रवार को सड़क किनारे पानी से भरे खुले कुएं में डूबने से 12 वर्षीय अखिलेश अहिरवार की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अखिलेश अपने दोस्तों के साथ कुएं में नहाने गया था, लेकिन गहराई का अंदाजा न होने से वह डूब गया। परिजन व ग्रामीण उसे निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामटौरिया लाए, जहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के चलते शाहगढ़ अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने खुले और असुरक्षित कुओं पर सुरक्षा इंतजाम न होने तथा अस्पताल में डॉक्टरों की स्थायी नियुक्ति न होने पर कड़ा आक्रोश जताया। उनका कहना है कि समय पर इलाज मिलता तो किशोर की जान बच सकती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, रेलिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं टाली जा सकें।

# विधायक राजेश शुक्ला ने आदिवासी बस्तियों में मनाया रक्षा बंधन

### बहनों को भेंट की साड़ियां, लाडली बहना योजना का भी मिला उपहार



**बिजावर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बिजावर विधानसभा के विधायक राजेश (बबलू) शुक्ला ने सामाजिक समरसता और भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूत करने की अनूठी पहल की। शुक्रवार को छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत नयाताल और बिलगाय की आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर उन्होंने आदिवासी बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। विधायक ने बहनों को राखी बंधवाने के साथ-साथ उपहार के रूप में साड़ियां भेंट कीं, जिससे उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की लाडली बहना योजना के तहत बहनों को त्योहार के उपहार स्वरूप 250 रुपये की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की गई, जिसने उत्सव की खुशी को और बढ़ा दिया। जवाब में बहनों ने बबलू भैया को ढेर सारा प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं, जिसने इस पर्व को और भी यादगार बना दिया।आदिवासी बस्तियों में विधायक का यह दौरा स्थानीय निवासियों के लिए एक विशेष क्षण बन गया। बहनों ने भावुक होकर कहा कि राजेश शुक्ला पहले ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर उनकी बस्ती में आकर उनके साथ त्योहार मनाया और उनका ख्याल रखा। उन्होंने बताया कि विधायक हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं, जो उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीणों ने विधायक की संवेदनशीलता और जनता के प्रति समर्पण की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।
विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है और यह समाज में एकता व प्रेम को बढ़ावा देता है। उन्होंने लाडली बहना योजना के तहत मिली 250 रुपये की राशि को मुख्यमंत्री की ओर से बहनों के लिए विशेष उपहार बताया, जो उनकी आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।नयाताल और बिलगाय की आदिवासी बस्तियों में इस आयोजन ने रक्षाबंधन के पर्व को उत्साहपूर्ण बनाया और विधायक व जनता के बीच के रिश्ते को और गहरा किया। स्थानीय निवासियों ने विधायक के इस कदम और लाडली बहना योजना के उपहार को सामाजिक एकजुटता और जनप्रतिनिधि की जवाबदेही का शानदार उदाहरण बताया। आदिवासी समुदाय ने अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को साझा करते हुए विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे यह पर्व एक सामुदायिक उत्सव का रूप ले गया।

# सटई में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, 40 लोग घायल

**सटई।** थाना सटई के वार्ड नं 12 करियानाला में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में लगभग 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।
थाना प्रभारी निरीक्षक टीआई रूपनारायण पटैरिया ने बताया कि खेत में बारी लगाने और दूसरे पक्ष द्वारा बारी हटाने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडों से प्रहार किया गया और पत्थर भी बरसाए गए। पुलिस ने एक पक्ष के 21 लोगों पर और दूसरे पक्ष के 16 लोगों पर अपराध पंजीबद्ध किया है।
घटना के संबंध में पुलिस ने बताया एक पक्ष की श्रीमती गोंदा बाई पति दयाराम कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से मारा और जान से मारने की धमकी दी। इस पर अपराध क्रमांक 173/25 धारा 190, 191(1), 191(2), 125, 115(2), 351(3), 296 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।




दूसरे पक्ष के परमलाल कुशवाहा पिता कारे लाल ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पहले पक्ष ने लाठी-डंडों से मारा और जान से मारने की धमकी दी। इस पर अपराध क्रमांक 174/25 धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।
डॉ अरुणेंद्र शुक्ला मेडिकल ऑफिसर सीएससी सटई ने बताया कि विवाद में लगभग 38 घायलों की एमएलसी की गई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को घर भेज दिया गया है, जबकि कुछ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बिजावर एसडीओपी अजय लिटोरिया ने बताया कि विवाद के बाद गंभीर धाराओं में सभी आरोपीगण पर मुकदमा पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# वेद प्रचार सप्ताह का समारोहपूर्वक हुआ उद्घाटन

**महाराजपुर।** आर्य समाज महाराजपुर द्वारा आयोजित वेद प्रचार सप्ताह वर्ष 2025 का उद्घाटन आर्य समाज महाराजपुर के विशाल प्रांगण में देव यज्ञ का आयोजन कर किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य रविंद्र कुमार शास्त्री के मुख्य पुरोहित में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक संध्या से हुई इसके पश्चात प्रातः 9 बजे से देव यज्ञ का अनुष्ठान हुआ जिसमें स्वस्ति वाचन, शांति प्रकरण के मंत्रों के वाचन के साथ लोगों ने आहुतियां दी। देव यज्ञ के उपरांत प्रातः 10 बजे से एक वृहद विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने श्रावणी पर्व एवम वेद प्रचार सप्ताह के महत्व पर अपने-अपने विचार रखे। आर्य वीर दल के पूर्व अधिष्ठाता चितरंजन चौरसिया ने बताया की वेद प्रचार सप्ताह ज्ञान का पर्व है प्रत्येक आर्य का यह कर्तव्य है कि वह वेद ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाएं और उन्हें आर्य अर्थात श्रेष्ठ व्यक्ति बनाएं। आर्य समाज के पूर्व प्रधान दयाराम आर्य ने बताया कि आज भौतिकवाद छाया हुआ है लोगों का मन अध्यात्म की ओर कम और भौतिकवाद की ओर ज्यादा जा रहा है लोगों में पैसा कमाने की होड़ लगी हुई है जिससे वह अपने वास्तविक लक्ष्य से भ्रमित हो रहे हैं। कोषाध्यक्ष अजय अमर आर्य ने बताया की आर्य समाज एक परोपकारी संस्था है इसका उद्देश्य विश्व व्यापी है। कृण्वन्तो विश्वमार्यम का नारा साकार करने में आर्य समाज लगा हुआ है। प्रधान उमेश कुमार आर्य है बताया कि आज पाखंड अपनी चरम सीमा पर है अनेक धर्म के ठेकेदार अपनी अपनी दुकान खोले हुए हैं और अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं जीवन का प्रमुख उद्देश्य धर्म अर्थ काम और मोक्ष है यह पाखंडी लोग व्यक्ति को उनके असली मार्ग से भटका देते हैं जिससे मोक्ष के रास्ते से वंचित हो जाते हैं।वेद ज्ञान ही वह रास्ता है जो व्यक्ति को सही राह दिखाता है।आर्य समाज के पुरोहित रविंद्र कुमार शास्त्री ने विद्यार्थी और शिक्षार्थी के गुणों की विस्तार से व्याख्या की। अन्य वक्ताओं में रमेश सेन, वेद प्रकाश आर्य, अशोक कुमार चौरसिया ने गीत गाकर सबका मन मोह लिया। अंत में आर्य समाज के मंत्री सूर्य सेन आर्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा को सभी के सामने रखा एवं 10 अगस्त को राजनगर आर्यसमाज में दोपहर 3 बजे होने वाले कार्यक्रम में सभी से सम्मिलित होने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश आर्य, लखनलाल आर्य, सीताराम आर्य, शंकरलाल आर्य, रामस्वरूप नेता, बबलू मिश्रा, प्रांजल चौरसिया, ज्योतिप्रकाश चौरसिया, विशाल चौरसिया, सीताराम कुशवाहा, आकांक्षा चौरसिया, अदिति, अंशु, आराध्या, योगी, अपूर्व, वैदिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म कटहल, लापता लेडीज और धड़क 2 में दिखा अभिनय

# छतरपुर के शांतनु बॉलीवुड में मचा रहे धूम



छतरपुर। जिले के कई कलाकार आजकल मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में जबरदस्त काम कर रहे हैं।हाल ही में आई हिट फिल्म धड़क 2 में छतरपुर के सरवई के निवासी शांतनु पाण्डेय ने शानदार काम किया है वे इस फिल्म में हीरो के दोस्त का किरदार करते नजर आए हैं। शान्तनु पाण्डेय का जन्म मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के सरवई नामक कस्बे में हुआ।उनके पिता दिनेश पाण्डेय और माता त्रिवेणी पाण्डेय सरवई के ही मूल निवासी हैं। इनके पिता डॉक्टर हैं और माता हाउसवाइफ हैं। प्रारंभिक शिक्षा सरवई और छतरपुर में ली। कॉलेज से निकलने के बाद वे भोपाल की त्रिकर्षि नाट्य संस्था के साथ जुड़े। रंगमंच की प्रारंभिक शिक्षा और नाटक की समझ उन्होंने इस संस्था के नाटकों में काम कर के जाना। इसके बाद मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के 8वें सत्र (2018-19) में चयनित होकर उन्होंने



नाटक की विधा में प्रोफेशनल ट्रेनिंग ली। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से मास्टर इन थिएटर्स आर्ट किया। शान्तनु ने इसके बाद वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेंद्र शुक्ला और उनकी पूरी टीम के साथ मिलकर अपने ही शहर छतरपुर में रंगमंच किया।इसमें विजय तेंदुलकर साहब के फेमस नाटक जाति न पूछो साधु की का मंचन है, मानव कौल द्वारा लिखित पार्क का मंचन है और ब. व. कारंथ, हबीब तनवीर, संजय उपाध्याय और देवेन्द्र अहिरवार के गानों की प्रस्तुति भी की।यहां के बाद शांतनु ने मुंबई की फिल्मों की दुनिया की तरफ़ रुख किया और पिछले 4 सालों में 4 फ़िल्मों और 1 वेबसीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। जिसमें आमिर खान प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई लापता लेडीज है जो ऑस्कर में भी भेजी गई थी। दूसरी फ़िल्म अशोक मिश्रा द्वारा लिखित कटहल है जो हाल ही में राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार से सम्मानित की गई है। इसके अलावा फ़िल्म मस्त में रहने का और वेब सीरीज दुपहिया का भी हिस्सा रहे।हाल ही में इनकी फ़िल्म धड़क 2 सभी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और उसकी बहुत सराहना हो रही है। धड़क 2 में शान्तनु पाण्डेय ने बाला की भूमिका निभाई है जो कि नीलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) के दोस्त बने हैं। ये फ़िल्म तमिल फ़िल्म परियेरम पेरूमल का हिंदी रीमेक है, जिसका स्क्रीनप्ले राहुल बड़वेलकर और शाजिया इकबाल ने लिखा है, शाजिया इकबाल ने इसे डायरेक्ट किया है और धर्मा प्रोडक्शन ने इसे प्रोड्यूस किया है।इस फ़िल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल में दिखेंगे। इसके अलावा इस फ़िल्म में विपिन शर्मा, अनुभा फतेपुरिया, ज़ाकिर हुसैन जैसे मझे हुए एक्टर्स के साथ - साथ मयंक खन्ना, अश्वन्त लोधी, दीक्षा जोशी, साद बिलग्रामी, प्रियांक तिवारी, आदित्य ठाकरे जैसे नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे।अगर आपने धड़क 2 को थिएटर हॉल में देखने से मिस कर दिया है तो ये फिल्म जल्द ही नेटफिलेक्स में देखने को मिल सकती है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश

**रीवा।** जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एसएएफ मैदान में परेड तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए मैदान को समतल करके पूरी तरह से तैयार कर दें। बारिश को देखते हुए जीरो साइज की गिट्टी से गड्ढों में भराव करके लकड़ी के बुरादे का ट्रैक में छिड़काव की व्यवस्था रखें जिससे परेड में किसी तरह की कठिनाई न हो।कलेक्टर ने कहा है कि सहायक आयुक्त नगर निगम रीवा मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसएएफ मैदान में मुख्य समारोह के लिए अतिथियों के बैठने के लिए 2500 कुर्सियों, सोफे एवं वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था करें। जिस मंच से ध्वजारोहण किया जाना है वहाँ वर्षा से बचाव की समुचित व्यवस्था करें। फाइनल रिहर्सल तथा मुख्य समारोह में साउंड की समुचित व्यवस्था रखें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल समारोह के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा पावर बैकअप के रूप में जनरेटर की व्यवस्था करें। सहायक संचालक उद्यानिकी मंच की साज-सज्जा के लिए गमले तथा फूलों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। समारोह में हर घर तिरंगा अभियान तथा स्वाधीनता दिवस की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल गीत और नृत्य स्वतंत्रता दिवस की गरिमा के अनुकूल रहे।

## पेंशन हितग्राही 31 अगस्त के पूर्व कराएं आधार ई-केवाईसी

**कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय नें नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिन्होंने अब तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एम.पी. ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को पृथक करने हेतु समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समस्त हितग्राहियों 31 अगस्त 2025 के पूर्व ई-केवाईसी कराने हेतु सूचित करने का निर्णय लिया गया है। आधार ई-केवाईसी नहीं कराए जाने की वजह से किसी भी पेंशन हितग्राही की पेंशन बंद (होल्ड) होने पर इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं हितग्राही की होगी।

## जिले की 2.41 लाख से अधिक बहनों को मिली राशि

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 225 हितग्राहियों के बैंक खाते मे 29 करोड़ 36 लाख 99 हजार 600 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किया एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर शगुन के तौर पर विशेष आर्थिक सहायता के रूप में 6 करोड़ 7 लाख 19 हजार 500 रूपये की राशि का भी अंतरण किया। इस दौरान कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे यहां बड़ी संख्या में मौजूद लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों ने देखा व सुना। साथ ही यह कार्यक्रम विकासखंड स्तर और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी दिखाया गया।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से सजग होकर करें बचाव

रीवा



आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम. अथवा सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

## चलती बाइक बनी आग का गोला, युवक ने कूदकर बचाई जान, पुलिस लाइन पेट्रोल पंप के पास पल्सर बाइक में अचानक आग, समय रहते पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बुझाई लपटें



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन पेट्रोल पंप के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती हुई बाइक में अचानक से आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो चलती हुई बाइक से अचानक चिंगारी निकली और देखते ही देखते चिंगारी आग की लपटों में तब्दील हो गई। घटना के दौरान बाइक सवार युवक बाइक छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ जिसके बाद स्थानीय पेट्रोल टंकी के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया। बताया गया की पल्सर बाइक में सवार युवक पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहा था, तभी उसकी बाइक की टंकी से अचानक चिंगारी उठी और वह चिंगारी आग की लपटों में तब्दील हो गई। घटना के वक्त बाइक में आग लगते ही बाइक सवार युवक जान बचाकर सड़क के बीच बाइक को छोड़कर भाग खड़ा हुआ। बाइक में लगी आग देख मौके पर हड़कंप की स्थित निर्मित हो गई। पास ही स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से सूझबूझ दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

# जिले के बनकुइंया खदान में मिली लापता युवक की लाश

रीवा



शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन से लापता युवक की बनकुइया खादान में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया जिसे पीएम उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है घटना के संबंध में चोरहटा थाने से मामले के जांच अधिकारी राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम वीरखाम निवासी संदीप गिरी उम्र 30 वर्ष दो दिन पूर्व रात्रि तकरीबन 11 बजे घर से निकला था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला था। बताया गया कि इसके बाद युवक का शव चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुईया स्थित खदान के भरे हुए पानी में मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस सहित परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान करते हुए उसके शव को खदान से बाहर निकलवा कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। बहरहाल युवक की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी पीएम रिपार्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। चोरहटज्ञ पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

## नशे के बदले मोबाइल गिरवी रखती थी महिला तस्कर, घर से बरामद हुए 16 मोबाइल फोन, चाकघाट थाना क्षेत्र की कार्रवाई में चौंकाने वाला खुलासा

रीवा



जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नशीली कफ सिरप की बिक्री करते पकड़ी गई महिला के घर की सर्चिंग पर पुलिस को 16 नग मोबाइल मिले। पुलिस जांच में पता लगा कि महिला कई ग्राहकों के मोबाइल गिरवी कर उन्हे नशे की सामग्री देती थी। पुलिस ने घर की तलाशी में 16 नग मोबाइल बरामद किए थे। इस पूरे मामले को लेकर चाकघाट थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले एक कार से नशीली सिरप की तस्करी करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें अनीता साहू पति बुद्धीलाल 35 वर्ष निवासी चाकघाट, उसके मित्र दिलीप सोनी निवासी थाना झूसी प्रयागराज सहित व एक नाबालिग शामिल था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 83 शीशी नशीली कफ सिरप, मोबाइल सहित कार जब्त की थी। आरोपी महिला के जेल जाने के बाद थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने जब टीम के साथ उसके घर की तलाशी ली तो वहा से 16 नग मोबाइल फोन मिले थे। पुलिस ने मोबाइलों की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली, इसी दौरान यह राज खुला की नशे का सामान देने के बदले यह मोबाइल गिरवी रखे गए थे। हालांकि जिन युवाओं के ये मोबाइल है, उन्हें न्यायालय के माध्यम से सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक महिला का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमे वह अवैध ड्रग्स बेचते नजर आ रही थी। वीडियो संज्ञान में आते ही पुलिस ने घर में दबिश दी जहां ड्रग्स की जगह पुलिस के हाथ कई मोबाइल लगे। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला के घर से मिले 16 नग मोबाइल पुलिस की प्रारंभिक जांच में नशा के लत में फसे युवकों के बताए जा रहे है।

# पीएम आवास किराए पर देना पड़ा भारी, 53 आवासों पर होगी कार्रवाई, नगर निगम की जांच में खुलासा, हितग्राही खुद नहीं रह रहे, किराए पर दे दिए मकान

रीवा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटियों ने मकान किराए पर दिए हैं। इस बात की मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम आयुक्त ने टीम गठित कर जांच शुरू करा दी है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग पाए गए, जिन्होंने खुद रहने के बजाय मकान किराए पर दे रखा है। ऐसे मकानों की संख्या 53 है। पहले दिन की जांच रिपोर्ट आने पर निगम आयुक्त ने कहा कि सभी को आवंटन निरस्त करने का नोटिस जारी किया जाए। पीएम आवास के आवंटन में शर्त है कि मकान में हितग्राही खुद रहेगा। किराए पर देने या बिक्री करने का अधिकार नहीं होगा।



ऐसा करते पाए जाने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। हाल ही में पीएम आवास के बिछिया गोल क्वार्टर में एक मकान में संदिग्ध गतिविधि के चलते हंगामा हुआ था, एक व्यक्ति युवती के साथ मौजूद था उसी दौरान पत्नी पहुंची तो हंगामा हुआ। उसके बाद पार्षद सहित स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस तरह की यहां लगातार गतिविधियां बढ़ रही हैं। किराए पर लोगों ने मकान दे रखा है। जिस पर आयुक्त ने जांच टीम गठित कर मौके बड़ी संख्या में ऐसे मकान पाए गए जो किराए पर चल रहे है। सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर गोल क्वार्टर स्थित कुल 504 एएचपी आवासों की जांच शुरू की गई है। पहले दिन 126 आवासों की जांच की गई। इनमें से 63 आपने आवास में रहते पाए गए। 10 मकानों में ताला लगा था। साथ ही 53 मकान ऐसे मिले जो किराए पर दिए गए है।बॉक्सपप्पू कनौजिया के संदिग्ध दस्तावेज मिले, जांच होगीजिस मकान ओबीसी नेता पप्पू कनौजिया को युवती के साथ पार जाने पर पत्नी ने हंगामा किया था, उसकी जांच की गई तो वह पत्नी बंदना कनौजिया के नाम पर पाया गाया। यह बात सामने आई कि इनका पहले से पोखरी टोला में मकान है, जहां पर रहे हैं। इसके बावजूद स्लम बस्ती का बताकर सस्ते दाम पर मकान ले लिया। पप्पू की मां ने अपनी बहू को ही किराएदार बताकर यह बताने का प्रयास किया था कि उनके पास मकान नहीं है। कहा जा रहा है कि जिस मकान में पप्पू का परिवार रहता हैं वह किसी अन्य परिजन के नाम पर है। जिस दौरान प्यू कनौजिया की पत्नी को गरीब बताकर आवास दिया गया, उस दौरान वह नगर निगम में ठेकेदारी का काम करते रहे हैं। कई अन्य लोगों ने शिकायतें निगम आयुक्त से की हैं, जिस पर उन्होंने पूरी रिपोर्ट तलब कर ली है।बॉक्सपहले किया हंगामा फिर लिया यूटर्न, पप्पू की पत्नी बोलीं, हो गई थी गलतफहमीओबीसी संगठन के नेता पप्पू कनौजिया की पत्नी ने हंगामा मचाने के बाद यूटर्न ले लिया है। एक दिन पहले तक जहां वह वीडियो जारी कर लोगों से समर्थन मांग रही थीं और पति पर कार्रवाई की मांग कर रही थीं, वहीं शुक्रवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कहा कि उन्हें गलत सूचना मिली थी। इसी के चलते वह गलतफहमी का शिकार हो गई थीं। पति पर जो आरोप लगाए हैं, वह निराधार है और पति बेकसूर हैं। वहीं विवाद के बाद पप्पू ने भी एक वीडियो जारी किया है, जिसमें कहा है कि एक साजिश के तहत उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया सोशल मीडिया पर छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

# बाइक लेकर निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हाईवे किनारे मिला शव



रीवा।

जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिनहाई टोल प्लाजा के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में पड़ा मिला। मृतक की पहचान बहुरीबांध निवासी 22 वर्षीय राहुल साकेत के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, राहुल गुरुवार को अपने पिता की बाइक लेकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो चिंता बढ़ गई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शुक्रवार सुबह संजय गांधी अस्पताल से सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक का शव अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। परिजन वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त राहुल साकेत के रूप में की।पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, राहुल का शव जोगिनहाई टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर सड़क किनारे लावारिस हालत में पड़ा मिला था। मौके पर उसकी बाइक भी बरामद की गई है, जिससे प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है। हालांकि, मौके पर जिस तरह से शव मिला और कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया, उससे मामले को लेकर संदेह भी गहराता जा रहा है। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल घटना के हर पहलु की बारीकी से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

रीवा। कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है।

आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा। साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुनः लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर से चलने वाले कृषि यंत्रों को खरीद के समय किसान के पास उपयुक्त हार्सपावर का ट्रैक्टर होना आवश्यक है।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आज तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नंबर 07662-299221 पर भी संपर्क किया जा सकता है।